चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक ट्रिब्यून........

दिनांक 9.1.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 3-5


**किसानों को मिलेगा फायदा**

# हरियाणा कृषि विवि की नयी वेबसाइट लांच

हिसार, 8 जनवरी (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट मंगलवार को लांच की गयी। वेबसाइट से किसान विभिन्न प्रकार की जानकारियां हासिल कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने इसको लांच किया।

कुलपति ने वेबसाइट का फंक्शन और इस पर अपलोड की गई जानकारियों का अवलोकन किया। उन्होंने वेबसाइट डिजाइन करने के लिए विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर को बधाई दी।

बेसिक साइंस कॉलेज के डीन डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस नई साईट को बनाने में किसानों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है और उनके लिए फॉर्मर पोर्टल बनाया गया है, जिसमें किसानों से संबंधित जानकारी, सूचना व सफल किसानों के अनुभवों को दर्शाया गया है।



हिसार में मंगलवार को नई वेबसाइट लांच करते चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह। -निस

## कृषि विज्ञान व अनुसंधान केन्द्रों की विस्तृत जानकारी

कुलपति ने बताया कि नई वेबसाइट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी कॉलेज, अनुसंधान, विस्तार, पीजीएस, छात्र कल्याण एवं मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालयों सहित एग्रीटूरिज्म सेंटर, एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर, दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग, सीखो और कमाओ, कृषि विज्ञान केन्द्रों व अनुसंधान केन्द्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज सहित विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के डीन, डायरेक्टर, अधिकारी एवं कंप्यूटर सेंटर का स्टॉफ उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक ...9.1.2019... पृष्ठ सं. ...17... कॉलम ...3-5...

# एचएयू की वेबसाइट पर किसानों के लिए बनाया फार्मर पोर्टल

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की वेबसाइट को अब मोबाइल, टैब लेपटॉप सहित सभी तरह के डिवाइस पर आसानी से देखा जा सकेगा। नई वेबसाइट (एचएयूडॉटएसीडॉटइन) को आकर्षक व आसान बनाया गया है। इस वेबसाइट पर किसानों के लिए अलग से फार्मर पोर्टल बनाया है, जिसमें किसानों से जुड़ी सभी तरह की जानकारियां दी जाएंगी। मंगलवार को विश्र्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने वेबसाइट का शुभारंभ किया।

**सफल किसानों के अनुभवों को भी दर्शाया :** बेसिक साइंस कालेज के डीन डा. राजवीर सिंह ने बताया कि इस नई वेबसाइट को बनाने में किसानों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है और उनके लिए फार्मर पोर्टल बनाया गया है, जिसमें किसानों से संबंधित जानकारी, सूचना व सफल किसानों के अनुभवों को दर्शाया गया है। नई वेबसाइट में विवि के सभी कालेज, अनुसंधान, विस्तार, पीजीएस, छात्र कल्याण एवं मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालयों सहित एग्रीटूरिजम सेंटर, एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर, दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग, सीखो और कमाओ, कृषि विज्ञान केन्द्रों व अनुसंधान केन्द्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अलावा इस वेबसाइट पर विवि के सोशल मीडिया अकाउंट्स, फेसबुक, यू-टयूब, जी-प्लस, इंस्टाग्राम व ब्लॉग को मुख्य रूप से शामिल किया गया है।




एचएयू की वेबसाइट का स्क्रीनशॉट। • जागरण

## वेबसाइट पर होगी अपलोड

डा. राजवीर सिंह के अनुसार विवि में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की वीडियो क्लिप बनाई जाएगी। विशेषकर उन कार्यों को वीडियो बनाकर यूट्यूब पर डाला जाएगा, जिनसे किसान कुछ सीखें और अपनी आय को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित हों। इसके अलावा विवि से संबंधित सभी तरह की जानकारी, फोटो आदि भी वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे और सभी जानकारियां समय-समय पर अपडेट की जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 9.1.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-3

**सुविधा** • वीसी प्रो. केपी सिंह ने बेवसाइट का शुभारंभ किया

# एचएयू ने बनाई सरल बेवसाइट, मकसद-किसानों को आसानी से मिले जानकारी

भास्कर न्यूज | हिसार

कृषि उद्यमियों को प्रेरणास्थली, अब एचएयू की बेवसाइट खोलते ही आपको कुछ इन्हीं शब्दों के साथ शुरुआत करनी होगी। आधुनिक समय में जब हर व्यक्ति के जीवन में ज्ञान का स्रोत मोबाइल भी बन गया है। इन लोगों में किसान भी शामिल हैं, मगर किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या जानकारी का अंग्रेजी भाषा में होना एक बड़ी समस्या है। इसके समाधान के लिए एचएयू ने बेवसाइट को पूरी तरह से बदला है। इस पर अब किसान सरल शब्दों व हिंदी भाषा में जानकारी ले सकेंगे। इसके साथ इसके इंटरफेस को काफी आसान बनाने का काम किया गया है, ताकि सीजन के हिसाब से फसलों का चयन कर किसान सुविधानुसार जानकारी ले सकें। मंगलवार को वीसी प्रो. केपी सिंह ने बेवसाइट का शुभारंभ किया। बेसिक साइंस कॉलेज के डीन डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि एचएयू की यह नई बेवसाइट लेटेस्ट डिजाइन व टेक्नोलॉजी से तैयार की गई है जो हर तरह के डिवाइस जैसे मोबाइल, टैब, लेपटॉप, प्रोजेक्टर इत्यादि पर आसानी से देखी जा सकती है।



कुछ इस तरह से दिखेगी एचएयू की नई बेवसाइट।

**यह भी जानकारी शामिल :** नई वेबसाइट में एचएयू के सभी कॉलेज, अनुसंधान, विस्तार, पीजीएस, छात्र कल्याण एवं मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालयों सहित एग्रीटूरिजम सेंटर, एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर, दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग, सीखो और कमाओ, कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान केंद्रों के बारे में जानकारी दी है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक ....9.1.2019.... पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....5-8....

# एचएयू की नई वेबसाइट का शुभारंभ

## किसानों से संबंधित जानकारी, सूचना व सफल किसानों के अनुभवों को दर्शाया

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय की यह नई वेबसाइट लेटेस्ट डिजाइन व टेक्नोलॉजी से तैयार की गई है। हर तरह के डिवाइस जैसे मोबाइल, टैब, लेपटॉप, प्रोजेक्टर आदि पर आसानी से देखी जा सकती है। कुलपति ने वेबसाइट की कार्यप्रणाली और इस पर अपलोड की गई जानकारियों का अवलोकन किया। उन्होंने यह वेबसाइट डिजाइन करने के लिए विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर की सराहना की। बेसिक साइंस कालेज के डीन डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस नई वेबसाइट को बनाने में किसानों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है और उनके लिए फार्मर पोर्टल बनाया गया है, जिसमें किसानों से संबंधित जानकारी, सूचना व सफल किसानों के अनुभवों को दर्शाया गया है। नई वेबसाइट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी कालेज, अनुसंधान, विस्तार, पीजीएस, छात्र कल्याण एवं मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालयों सहित एग्रीटूरिजम सेंटर, एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर, दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग, सीखो और कमाओ, कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान केंद्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।

इसके अलावा इस वेबसाइट पर विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया एकाउंट्स, फेसबुक, यू-टयूब, जी-प्लस, इंस्टाग्राम व ब्लॉग को मुख्य रूप से शामिल किया गया है। डॉ. राजवीर सिंह के अनुसार उपर्युक्त जानकारियों के अलावा विश्वविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी, फोटोस, वीडियो क्लिप आदि भी देखे जा सकेंगे और सभी जानकारियां समय-समय पर अपडेट की जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....

दिनांक ....9.1.2015.... पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....7-8....

# किसानों को नवीनतम जानकारी देने के लिए बनाई वैबसाइट

हिसार, 8 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की नई वैबसाइट (एच.ए.यू.डॉट ए.सी.डॉट ईन) का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी.सिंह ने किया। विश्वविद्यालय की यह नई वैबसाइट लेटैस्ट डिजाइन व टैक्नोलॉजी से तैयार की गई है जोकि हर तरह के डिवाइस जैसे मोबाइल, टैब, लैपटॉप, प्रोजैक्टर इत्यादि पर आसानी से देखी जा सकती है। इस अवसर पर कुलपति ने वैबसाइट का फंक्शन और इस पर अपलोड की गई जानकारियों का अवलोकन किया। बेसिक साइंस कालेज के डीन डा. राजवीर सिंह ने बताया कि इस नई साइट को बनाने में किसानों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है और उनके लिए फार्मर पोर्टल बनाया गया है जिसमें किसानों से संबंधित जानकारी, सूचना व सफल किसानों के अनुभवों को दर्शाया गया है। नई वैबसाइट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी कालेज, अनुसंधान, विस्तार, पी.जी.एस., छात्र कल्याण एवं मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालयों सहित एग्री टूरिज्म सैंटर, एग्री बिजनैस इनक्यूबेशन सैंटर, दीनदयाल उपाध्याय सैंटर ऑफ एक्सीलैंस फार आर्गेनिक फार्मिंग, सीखो और कमाओ, कृषि विज्ञान केन्द्रों व अनुसंधान केन्द्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. बी.आर. कम्बोज सहित विश्वविद्यालय के सभी कालेजों के डीन, डायरैक्टर, अधिकारी एवं कम्प्यूटर सैंटर का स्टाफ उपस्थित था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......

दिनांक ...8.1.2019... पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...3-5...

सुविधा वेबसाईट पर किसान ले सकेंगे विभिन्न प्रकार की जानकारी: डॉ. राजवीर सिंह

# हकृवि में नई वेबसाइट का हुआ उद्घाटन

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की नई वेबसाईट का आज शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने किया। विश्वविद्यालय की यह नई वेबसाइट लेटस्ट डिजाईन व टैक्नोलॉजी से तैयार की गई है जोकि हर तरह के डिवाईस जैसे मोबाइल, टैब, लेपटॉप, प्रोजैक्टर इत्यादि पर आसानी से देखी जा सकती है।

इस अवसर पर कुलपति ने वेबसाईट का फंकशन और इस पर अपलोड की गई जानकारियों का अवलोकन किया। उन्होंने यह वेबसाइट डिज़ाईन करने के लिए विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सैंटर को बधाई दी।

बेसिक साइंस कालेज के डीन डॉ. राजवीर सिंह ने इस बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस नई साईट को बनाने में किसानों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है और उनके लिए फार्मर पोर्टल बनाया गया है जिसमें




*हिसार। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह वेबसाईट का शुभारंभ करते हुए।*

किसानों से संबंधित जानकारी, सूचना व सफल किसानों के अनुभवों को दर्शाया गया है। नई वेबसाइट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी कालेज, अनुसंधान, विस्तार, पीजीएस, छात्र कल्याण एवं मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालयों सहित एग्रीटूरिज़म सैंटर, एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सैंटर, दीनदयाल उपाध्याय सैंटर ऑफ एक्सीलैंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग, सीखो और कमाओ, कृषि विज्ञान केन्द्रों व अनुसंधान केन्द्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अलावा इस वेबसाइट पर विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया एकाउंटस, फेसबुक, यू-ट्यूब, जी-प्लस, इंस्टाग्राम व ब्लॉग को मु य रूप से शामिल किया गया है।

डॉ. राजवीर सिंह के अनुसार उपर्युक्त जानकारियों के अलावा विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी, फोटोस, वीडियो क्लिप आदि भी देखे जा सकेंगे और सभी जानकारियां समय-समय पर अपडेट की जाएंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज सहित विश्वविद्यालय के सभी कालेजों के डीन, डायरेक्टर, अधिकारी एवं कंप्यूटर सैंटर का स्टॉफ उपस्थित थे।